तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 23 मार्च 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



10 हौसलों की उड़ान: पैरों की उंगलियों से लिखी ...





10 प्रशिक्षण महाभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं ...




## नवरात्रि विशेष



### पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

**मिशन :** एक इलाके में पुलिस ऑपरेशन, दूसरे में समर्पण के लिए संवाद जारी

# कांकेर जिले में संवाद से शांति आएगी या बंदूक से, नौ दिनों में होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नक्सल उन्मूलन के लिए तय की गई डेडलाइन अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, इसके बावजूद जिले में सक्रिय कई हार्डकोर नक्सलियों ने अब

- 27 नक्सलियों का नहीं हो पाया समर्पण, अब आपरेशन ही आखिरी विकल्प

तक आत्मसमर्पण नहीं किया है, जिससे पुलिस प्रशासन की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। कांकेर के परतापुर एरिया कमेटी और कंपनी नंबर 05 के करीब 20 नक्सली, साथ ही आरकेबी (राजनांदगांव-कांकेर-बालाघाट) क्षेत्र के 7 नक्सली अब भी सक्रिय हैं और पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। आने वाले 9 दिन यह तय करेंगे कि क्षेत्र में शांति संवाद से आएगी या फिर बंदूक की आवाज से।


आपरेशन : एक टीम के सरेंडर होने की संभावना पर दूसरे तैयार नहीं, पर अधिकारिक पुष्टि नहीं

सरेंडर पर नक्सलियों में फूट एक गुट तैयार, दूसरे का इंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के नक्सल प्रभावित परतापुर क्षेत्र से एक बार फिर बड़ी हलचल की खबर सामने आ रही है। नक्सल इलाके में ग्रामीणों के मध्य चर्चा है कि परतापुर एरिया कमेटी और कंपनी नंबर 05 में सक्रिय करीब 18 नक्सलियों के बीच गंभीर मतभेद उभरकर सामने आए हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक किसी भी स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन स्थानीय स्तर पर चल रही चर्चाओं ने संगठन के भीतर फूट की संभावनाओं को बल दिया है। सूत्रों की मानें तो नक्सली संगठन के

- परतापुर एरिया कमेटी और कंपनी नं. 5 का मतभेद उजागर

जिले में है 18 नक्सलियों की तलाश, दो ने इलाका छोड़ा, डेडलाइन के 13 दिन शेष

डेडलाइन के बचे अब केवल 13 दिन

का एक धड़ा मुख्यधारा में लौटने और आत्मसमर्पण करने के पक्ष में नजर आ रहा है, वहीं दूसरा धड़ा अब भी जंगल में रहकर गतिविधियां जारी रखने के समर्थन में है। इस आंतरिक असहमति ने संगठन की एकजुटता को कमजोर कर दिया है और नक्सलियों के बीच अविश्वास का माहौल पैदा हो गया है। स्थानीय ... और नक्सली मंगलू पद्दा शुरू से ही आत्मसमर्पण के विरोध में रहे हैं। उनके इस रुख के चलते संगठन के अन्य सदस्यों के साथ उनके मतभेद अंदरूनी रूप से लगातार गहराते गए हैं। बताया जा रहा है कि इसी कारण संगठन दो गुटों में बंटता नजर आ रहा है। यदि यह स्थिति बनी रहती है, तो किसी भी समय एक गुट

समर्थक गुट समर्पण की तैयारी में

आपरेशन के बाद बदले ठिकाने

ग्रामीणों में असंतोष की बढ़ रही भावना

सूत्रों के मुताबिक बीते 10 दिनों से पुलिस तंत्र के कई विश्वसनीय सोर्स लगातार जंगलों में संपर्क साधने और नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया और किसी ने किसी माध्यम से समझाने के लिए शासन की पुनर्वास नीति, सुरक्षा और बेहतर भविष्य के विकल्प भी बताए गए। लेकिन इन तमाम प्रयासों के बावजूद कोई ठोस और सकारात्मक परिणाम सामने आज तक नहीं आ पाया है। इससे यह साफ हो गया है कि नक्सली संगठन के ये सदस्य अभी भी हथियार ⏭ शेष पेज 8 पर

### ऑपरेशन के अलावा कोई विकल्प नहीं

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि आत्मसमर्पण के लिए दी गई समयसीमा अब लगभग समाप्त हो चुकी है और इसके बाद सख्त कार्रवाई अपरिहार्य हो जाएगी। सूत्रों कमी मानें तो पुलिस यहीं प्रयास कर रही है कि नक्सली मुख्यधारा में लौट आएं, लेकिन जब वे तैयार नहीं हैं, तो ऐसे में डेडलाईन का दबाव बढ़ने के चलते पुलिस के पास ऑपरेशन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है।

### परतापुर, कंपनी नंबर 05 और आरकेबी के बचे 27 नक्सली

परतापुर एरिया कमेटी के 12 नक्सली अभी भी जंगल में भटक रहे, जिसमें रूपी, चंदर, मंगेश, मंगलू पद्दा, जानकी, कुमार माली, मनीषा कोर्राम, राधिका कुंजाम, जिला मरकाम, कुमारी सनकी, सोमा मड़ियाम, लखमी पद्दा, संदीप कड़ियाम कंपनी नंबर 05 के 08 नक्सली स्वरूपा उसेण्डी, सुकदास उईका, जानकी सोढ़ी, मोनिका, दारसू शोरी, हिड़मा, शंकर, होलिका और आरकेबी के 07 नक्सली राजे पुड़ियामी, गणेश, मनकी जुर्री, रमेश पोयाम, भीमें मंडावी, हिड़मे मरको, मंगेश पुड़ियामी है।

### परिणाम सकारात्मक आएगा

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा का इस मामले में यह कहना है कि जिले में अलग-अलग क्षेत्रो में आत्मसमर्पण की बात भी चल रही है और लगातार ऑपरेशन भी चल रहे है। मुझे विश्वास है कि परिणाम जल्द सकारात्मक आएगा।

## फोम मशीन के नाम पर ठगी, दो गिरफ्तार, एडवांस का दिया झांसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर पुलिस ने धोखाधड़ी कर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों ने फोम मशीन खरीदने के बहाने व्यापारी को झांसे में लेकर मशीन लेकर फरार हो गए थे, जिसे पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बरामद कर लिया।

- भानुप्रतापपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता 29 वर्षीय पूनम बघेल निवासी कनापोड़ लखनपुरी थाना चारामा ने पुलिस को बताया कि मैं बघेल इन्वेंट एसएफएक्स लखनपुरी का संचालक हूँ। 26 फरवरी 2026 को उन्हें तुकेश देवांगन के मोबाइल नंबर के माध्यम से फोम मशीन का ऑर्डर प्राप्त हुआ। व्यस्तता के चलते उन्होंने अपने कर्मचारियों दीपेश साहू और साहिल साहू के जरिए वाहन क्रमांक सीजी 04 एचवाय 0603 बोलेरो से मशीन भानुप्रतापपुर भेजी। दोपहर करीब डेढ़ बजे भानुप्रतापपुर पोस्ट ऑफिस के सामने दो व्यक्ति छोटा हाथी वाहन लेकर पहुंचे और फोम मशीन को अपने वाहन में लोड कर लिया। आरोपियों ने एडवांस राशि देने का झांसा देकर कर्मचारियों को रेस्ट हाउस के पास रुकने को कहा, लेकिन 5 घंटे बीत जाने के बाद भी वे वापिस नहीं लौटे और फरार हो गए। इसके बाद प्रार्थी ने 12 मार्च 2026 को थाना भानुप्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचना के दौरान पुलिस ने फरार आरोपी देवेंद्र श्रीवास (18 वर्ष) एवं ताराचंद देश लहरे (20 वर्ष), दोनों निवासी शिकारीपारा, दल्लीराजहरा, जिला बालोद को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया, साथ ही उनके कब्जे से फोम मशीन बरामद कर ली गई। इसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक रामबीर जाड़े, प्रधान आरक्षक विजय कटकवार एवं आरक्षक टोमन साहू की भूमिका रही।

## शहादत दिवस पर आज रक्तदान शिविर

**भानुप्रतापपुर।** शहीद-ए-आजम भगत सिहं के शहादत दिवस के अवसर पर नगर में आज 23 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शहीद भगत सिंह क्लब भानुप्रतापपुर द्वारा आयोजित किया गया है। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से किया जाएगा। शिविर में नगर के युवाओं सहित आम नागरिकों ⏭ शेष पेज 8 पर

## सड़क दुर्घटना में मौत, अज्ञात चालक पर जुर्म दर्ज




**कांकेर।** 0दुर्गूकोंदल थानांतर्गत ग्राम घोटिया और पुत्तरवाही तिराहा के मेन रोड में हुई सड़क दुर्घटना में मौत के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 08 एक्यू 9541 के चालक ने अपनी वाहन को 11 फरवरी को दोपहर दो ⏭ शेष पेज 8 पर

## नवरात्रि पर माँ दंतेश्वरी मंदिर में ज्योतिकलशों की आभा

**भानुप्रतापपुर।** चैत्र नवरात्रि के पर गढ़ बांसला स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा 163 तेल ज्योति प्रज्वलित कर माँ दंतेश्वरी की विधिवत पूजा-



अर्चना की गई। मंदिर परिसर के सीढ़ीनुमा स्थानों पर दीप प्रज्वलन किया गया, जिससे पूरा परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा और मनमोहक दृश्य देखने को मिला। नवरात्रि पर्व ⏭ शेष पेज 8 पर




## खबर संक्षेप

### 6 अभ्यर्थियों के काटे आस्तीन देरी के चलते 7 ने नहीं दी परीक्षा

**जगदलपुर।** पर्यावरण संरक्षण मंडल के अंतर्गत प्रयोगशाला सहायक एवं सैम्पलर ग्रेड-2 के रिक्त पदों की भर्ती के लिए रविवार को परीक्षा हुई, जिसमें 439 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस दौरान तीन केन्द्रों में लगभग 6 अभ्यर्थियों के आस्तीन काटे गए। साथ ही व्यापम के कड़े निर्देशों के तहत परीक्षा शुरू होने के ठीक 30 मिनट पहले यानी सुबह 10.30 बजे परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया, जिससे विलंब से पहुंचने वाले 7 अभ्यर्थियों को बिना परीक्षा देने वापस जाना पड़ा। जिला मुख्यालय जगदलपुर में व्यावसायिक परीक्षा मंडल, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा तीन परीक्षा केंद्रों में प्रयोगशाला सहायक, सैंपलर ग्रेड-2 के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। तीन केंद्र परीक्षा केंद्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नं. 2 जगदलपुर, परीक्षा केंद्र क्रमांक 1702 झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा, जगदलपुर एवं परीक्षा केंद्र क्रमांक 1703 शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय शांति नगर जगदलपुर में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में पंजीकृत छात्र 1003 में से 439 छात्र उपस्थित हुए और 564 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के नोडल अधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। बताया जा रहा है कि ड्रेस कोड को लेकर भी व्यापम ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे, परीक्षार्थियों के लिए केवल हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और पैरों में साधारण चप्पल पहनना ही अनिवार्य थी। जूतों-मोजों के साथ-साथ बेल्ट, घड़ी, धूप का चश्मा, पर्स, टोपी, स्कार्फ और किसी भी प्रकार के धात्विक आभूषण जैसे कान की बाली या झूमके पहनना पूरी तरह वर्जित रहा। इसके अतिरिक्त, परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल या संचार साधन ले जाना प्रतिबंधित रहा।

### एसीबी का अफसर बन कर लाखों की ठगी आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित ठाकुर रोड से रायपुर की राखी पुलिस ने टेंट व्यवसायी को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा अपने परिचित के ईई से स्वयं को एसीबी का अफसर बताकर मामला निपटाने के लिए 10 लाख रुपए की मांग की गई थी। रायपुर आईजी ने जारी प्रेसनोट में बताया कि प्रार्थी देवलाल सिंह टेकाम ने मामला राखी थाना में दर्ज कराया था। रिपोर्ट पर धारा धारा 319, 204, 308(2), 351(2) बीएनएस एवं 66 डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। प्रार्थी के पास दो अनजान नम्बर से कॉल आया था जिसमें स्वयं को एसीबी व ईओडब्ल्यू का अफसर बताकर सायबर ठगी का प्रयास किया गया था। इसकी जानकारी प्रार्थी ने अपने परिचित जगदलपुर के टेंट व्यवसायी धर्मेन्द्र चौहान को दी थी। इस बात का पता लगने के बाद आरोपी धर्मेन्द्र चौहान जो प्रार्थी का पूर्व परिचित था तथा उसे पता था कि प्रार्थी द्वारा किन-किन जिलों में क्या-क्या कार्य किया गया है तथा वह प्रार्थी की कमजोरियों को भी जानता था।

### दिव्यांग पीयूष ने पेश की साहस की मिसाल, कृत्रिम अंग के सहारे दौड़े 5 किमी

**जगदलपुर।** बस्तर की ऐतिहासिक धरा पर आज बस्तर हेरिटेज मैराथन के दौरान एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने फिटनेस और जुनून की एक नई इबारत लिख दी। इस दौड़ में उत्साह का सैलाब कुछ इस कदर उमड़ा कि उम्र के फासले धुंधले पड़ गए और हर कदम में केवल जीत का संकल्प नजर आया। इस मैराथन की सबसे प्रेरक गाथा दंतेवाड़ा स्थित कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य पीयूष कुमार ने लिखी। एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में अपना एक पैर गंवा देने के बावजूद पीयूष ने हिम्मत नहीं हारी और मैराथन के आयोजन की खबर मिलते ही इसे अपनी चुनौतियों को मात देने का जरिया बना लिया। उन्होंने न केवल 5 किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा लिया बल्कि अपने और अदम्य साहस के बल पर इसे सफलतापूर्वक पूरा कर हर उस व्यक्ति के लिए मिसाल पेश की जो मुश्किलों के आगे घुटने टेक देते हैं।

डीईओ रमेश कुमार एवं डीएमसी नवनीत के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

# नीट-जेईई के प्रतिभागियों को मिलेगी निशुल्क कोचिंग, प्रवेश परीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने और ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं नीट एवं जेईई की तैयारी के लिए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से हमर लक्ष्य कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग की शुरुआत की जा रही है। इस महत्वाकांक्षी पहल को लेकर जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर तथा जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के निर्देशन में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं डीएमसी नवनीत पटेल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसके तहत पात्र विद्यार्थियों के चयन के लिए आज 23 मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिले के विभिन्न विकासखंडों में निर्धारित केंद्रों पर संपन्न होगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों को आगे लाना है, जो आर्थिक, भौगोलिक या संसाधनों की कमी के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते, लेकिन उनमें प्रतिभा और दृढ़ इच्छाशक्ति मौजूद है। चयनित विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा अध्यापन, नियमित टेस्ट, अध्ययन सामग्री तथा मेंटरिंग जैसी सुविधाएं पूरी तरह निशुल्क प्रदान की जाएंगी।पात्रता के तहत वे विद्यार्थी शामिल होंगे, जिन्होंने नीट या जेईई के लिए आवेदन किया है तथा कक्षा 12वीं में अध्ययनरत या उत्तीर्ण हैं। साथ ही जो विद्यार्थी पहले से तैयारी कर रहे हैं, वे भी इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि JEE प्रथम चरण में क्वालीफाई कर चुके विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा से छूट देते हुए सीधे कोचिंग में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले के विभिन्न विकासखंडों अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, चारामा, दुर्गुकोंदल, कांकेर, कोयलीबेड़ा, पखांजूर एवं नरहरपुर में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे पर्याप्त कक्ष, पेयजल, शौचालय और अनुशासन सुनिश्चित किया जाएगा। परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने हेतु प्रश्न पत्र सीलबंद लिफाफों में उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें निर्धारित प्रक्रिया के तहत खोला जाएगा। परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मूल्यांकन प्रक्रिया परीक्षा समाप्ति के तुरंत बाद विषय विशेषज्ञों द्वारा पारदर्शी तरीके से की जाएगी तथा उसी दिन शाम 5 बजे तक परिणाम जिला कार्यालय को भेजना अनिवार्य होगा। जिला स्तर पर प्राप्त परिणामों के आधार पर समेकित मेरिट सूची तैयार कर चयनित विद्यार्थियों को सूचना दी जाएगी। कोचिंग के लिए दो प्रमुख केंद्र निर्धारित किए गए हैं कांकेर एवं भानुप्रतापपुर। विभिन्न विकासखंडों के विद्यार्थियों को उनके निकटतम केंद्रों में समायोजित किया जाएगा।

## पंचमी पर बंजारी मंदिर में आज विशेष पूजा, ज्योति कलश स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध पल्लामारी स्थित मां बंजारी मंदिर में इन दिनों भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग रही हैं और पूरा क्षेत्र जय माता दी के जयकारों से गूंज रहा है। दूर-दराज के गांवों से भी श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। नवरात्रि के शुभ दिनों में मां बंजारी मंदिर विशेष रूप से सजा हुआ है, जहां भक्त पूरे श्रद्धा भाव से माता की आराधना कर रहे हैं। मंदिर में प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु माता से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। मंदिर समिति द्वारा नवरात्रि पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंहा, सचिव भूपेंद्र सिंहा, गोवर्धन नरेटी, अनिल सिंहा, भवानी राम सिंहा सहित अन्य सदस्यों ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सजावट और पूजा व्यवस्था को लेकर व्यापक प्रबंध किए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि किसी को भी असुविधा का सामना न करना पड़े। विशेष रूप से 23 मार्च को पंचमी के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है। इस दिन माता के विशेष श्रृंगार और पूजा का आयोजन किया जाएगा, जिसे देखने और उसमें शामिल होने के लिए श्रद्धालु उत्साहित हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिर में सुबह और शाम आरती के समय श्रद्धालुओं की भीड़ और अधिक बढ़ जाती है। भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठता है।

## मिडिल स्कूल डोकला में कक्षा 8वीं के बच्चों को दी गई भावपूर्ण विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

मिडिल स्कूल डोकला में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 6वीं और 7वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के सम्मान में स्वागत गीत, कविता तथा मनोरंजक खेलों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और आनंद से भर गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार, समाज और विद्यालय का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। मनोरंजक खेलों में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया, प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चों को ईनाम भी वितरित किया गया। कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने भी मंच पर आकर विद्यालय में बिताए अपने यादगार पलों को साझा किया तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर जनपद सदस्य तनु साहू, प्रधानाध्यापक चन्द्रहास साहू, सरपंच परमानन्द दर्रो ममता दर्रो, राधिका जैन, कृष्ण कुमार साहू, ज्योति नेताम, भरत लाल, लोमश कुमार ध्रुव, रमेश गोटा, पन्नालाल, अभिभावक गण एवं विद्यार्थियों ने समारोह को गरिमामय बनाया।

## 46 बच्चों का नवोदय में चयन क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि : विधायक सावित्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026-27 के घोषित परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने बताया कि कांकेर जिले में इस वर्ष कुल 80 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिसमें से अकेले भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 46 छात्र-छात्राओं का चयन होना गौरव का विषय है।



विधायक ने कहा कि चयनित विद्यार्थियों में विकासखंड दुर्गुकोंदल से 17, भानुप्रतापपुर से 14 तथा चारामा क्षेत्र से 15 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा क्षेत्र होने के बावजूद इस प्रकार की उपलब्धि यह दर्शाती है कि यहां के छात्र-छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बल्कि उचित मार्गदर्शन और मेहनत से वे निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। दुर्गुकोंदल विकासखंड के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षेत्र लगातार बेहतर परिणाम दे रहा है। पिछले वर्ष भी यहां से 22 विद्यार्थियों का चयन हुआ था और इस वर्ष 17 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है, जो क्षेत्र में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता और मेहनत का प्रमाण है। विधायक ने इस सफलता के लिए सभी चयनित छात्र-छात्राओं, उनके पालकों, शिक्षकों, संकुल समन्वयकों, बीआरसी, मंडल संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। निरंतर अध्ययन करते रहें और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे जीवन में सफलता और समाज में सम्मान प्राप्त किया जा सकता है।

## जनगणना की तैयारी तेज, दुर्गूकोंदल में प्रगणक-सुपरवाइजर को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर दुर्गुकोंदल में प्रशासन द्वारा सक्रिय पहल की जा रही है। इसी क्रम में जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सभाकक्ष में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ जनगणना निदेशालय रायपुर, जिला जनगणना अधिकारी कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कांकेर के मार्गदर्शन तथा चार्ज अधिकारी कुलदीप ठाकुर तहसीलदार के नेतृत्व में हुआ।



प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर मनीष गौतम ने जनगणना के इतिहास, उद्देश्य एवं प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता के बाद यह देश की आठवीं जनगणना होगी, जबकि भारत में पहली जनगणना 1872 में आंशिक रूप से और 1881 में संपूर्ण रूप से की गई थी। प्रशिक्षण में प्रगणक और सुपरवाइजर के दायित्वों पर विशेष जोर दिया गया। उन्हें मकान सूचीकरण, भवनों की पहचान, परिवार की परिभाषा, निवासियों की गणना, मकानों की नंबरिंग, गणना ब्लॉक का निर्धारण एवं सीमांकन, तथा नक्शा निर्माण की विस्तृत जानकारी दी गई और साथ ही नदी, पहाड़, सड़क, रेलमार्ग, स्कूल, मंदिर, वन क्षेत्र एवं अन्य स्थलों को नक्शे में चिन्हित करने के तरीकों को समझाया गया। डिजिटल युग को ध्यान में रखते हुए एचएलओ ऐप के उपयोग की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि जनगणना कार्य अब पूरी तरह डिजिटल माध्यम से होगा और सभी आंकड़े इसी ऐप में दर्ज किए जाएंगे। यूजर आईडी एवं पासवर्ड की गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। चार्ज अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक राष्ट्रीय स्तर का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें सभी की जिम्मेदारी और सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने जनगणना अधिनियम 1948 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए लापरवाही बरतने पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रथम चरण में 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण कार्य किया जाएगा, जिसमें भवनों की पहचान, नंबरिंग एवं सीमांकन किया जाएगा। इसके बाद द्वितीय चरण 2027 की प्रथम तिमाही में आयोजित होगा, जिसमें व्यक्तियों की गणना एवं परिवार संबंधी आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। दुर्गुकोंदल चार्ज स्तर पर कुल 157 गणना ब्लॉक के लिए प्रगणकों तथा 28 सुपरवाइजरों की नियुक्ति की गई है। प्रशिक्षण में कानूनगो श्याम सिंह उसेंडी, सहायक ग्रेड-2 एवं 3 के कर्मचारी, तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

पीडब्लूडी रेस्ट हाउस भानुप्रतापपुर में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की परिचयात्मक बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मोर्चा के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं ऊर्जावान कार्यकर्ताओं का परिचय प्राप्त किया गया और साथ ही संगठन की कार्यप्रणाली को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर सार्थक चर्चा की गई।

मंडल अध्यक्ष डिगेश खपार्डे के मुख्य आतिथ्य और मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज रावटे की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में सभी पदाधिकारियों को नवीन दायित्व की बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण संगठनात्मक संदेश प्रदान किया। जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा एवं जनपद सभापति वरुण खपार्डे ने भी सभी को बधाई देते हुए संगठन विस्तार एवं मजबूती पर विशेष जोर दिया तथा सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। भाजपा मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास ने सभी को नवीन दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए आगामी पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की तथा सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी ने भी परिचयात्मक बैठक को संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी के प्रति निस्वार्थ भाव, समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। मंडल उपाध्यक्ष योगेश सोनवानी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को तथा अनुसूचित जाति मोर्चा को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री एससी मोर्चा कौशल रामटेके ने की और आभार प्रकट एससी मोर्चा मंडल महामंत्री विनोद नाग*ने की। बैठक में पूर्व एससी मोर्चा मंडल महामंत्री हेम सोनवानी, मोर्चा उपाध्यक्ष गैदलाल टांडिया, प्रतिभा दर्रो, मंडल मंत्री नीलिमा रावटे, बसन्त बघेल, गोपाल बघेल, कोषाध्यक्ष लल्लूराम टांडिया, प्रदीप टांडिया, भाजयुमो कार्यालय प्रभारी भक्ततेश्वर सिन्हा, भुपेन्द्र कुलदीप, अजय मेश्राम व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छोटेबेठिया में रामनवमी पर 5 दिनी हनुमंत कथा एवं यज्ञ 25 मार्च से

**कांकेर।** रामनवमी के पावन अवसर पर के छोटेबेठिया स्थित रामचन्द्राय मंदिर में पंचदिवसीय श्री हनुमंत कथा एवं हनुमंत यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 25 मार्च बुधवार को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें श्रद्धालु भाग लेकर धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन संध्या 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक संगीतमय श्री हनुमंत कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुंदरकांड और यज्ञ का विशेष महत्व रहेगा, वहीं प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक यज्ञ में आहुति दी जाएगी। इस धार्मिक अनुष्ठान में कथा वाचन का सौभाग्य बागेश्वर धाम के शिष्य कथा व्यास नीतराज महाराज जी को प्राप्त हो रहा है, जो अपने श्रीमुख से भक्तों को श्रीराम एवं हनुमान जी की महिमा का रसपान कराएंगे और साथ ही पारायणकर्ता बलराम प्रसाद शर्मा सिरकट्टी आश्रम अपनी सेवा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में परम पूज्य गुरुदेव भगवान श्रीश्री 1008 रामवालक दास महात्यागी का सान्निध्य भी भक्तों को प्राप्त होगा। 27 मार्च शुक्रवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण निर्मित करेगी। वहीं 29 मार्च रविवार को कथा का समापन होगा और इसके उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है, जहां भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

### बाजार में 5 रुपए किलो में बिका टमाटर

**जगदलपुर।** टमाटर की बंपर उत्पादन के बाद इसके दाम में भारी गिरावट के चलते खरीददार 5-5 किलो टमाटर खरीद रहे हैं। शहर के साप्ताहिक बाजार में लोकल टमाटर रायपुर भेजा जा रहा है। बाजार में टमाटर 5, मटर 40, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 20, भिंडी 60, आलू 20, प्याज 30, भट्टा 50, मुनगा 50, करेला 50 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 15 जूड़ी, प्याज भाजी 20 रूपए में 3 जूड़ी बिक रही है।

पेज 7 के शेष...

### कांकेर जिले में...

छोड़ने के मूड में नहीं हैं। कांकेर जिले का परतापुर एरिया लंबे समय से नक्सल गतिविधियों का गढ़ रहा है। यहां सक्रिय एरिया कमेटी और कंपनी नंबर 05 के सदस्य कई वारदातों में शामिल रहे हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार इन नक्सलियों पर कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें सुरक्षा बलों पर हमले, आईईडी ब्लास्ट और ग्रामीणों को डराने-धमकाने जैसी घटनाएं शामिल हैं। इसी तरह आरकेबी क्षेत्र के नक्सली भी लगातार अपनी मौजूदगी दर्ज कराते रहे हैं। सूत्र यह भी बताते हैं कि जंगलों में नक्सलियों की गतिविधियां अभी भी जारी हैं और वे अपने ठिकानों को लगातार बदल रहे हैं, जिससे उन्हें ट्रैक करना चुनौतीपूर्ण ही है। हालांकि, पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके में अपनी रणनीति को और मजबूत कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समय निर्णायक है। यदि नक्सली अब भी आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो आने वाले दिनों में कांकेर और आसपास के क्षेत्रों में बड़े स्तर पर एंटी-नक्सल ऑपरेशन देखने को मिल सकते हैं। पुलिस ने ऑपरेशन में सख्ती नहीं बरती तो यह तय है कि डेडलाईन तक सभी नक्सली समर्पण कर दे, यह संभव नहीं दिख र हा है।

### शहादत दिवस पर...

से बढ़-चढ़कर भाग लेने और रक्तदान करने की अपील की गई है। क्लब के सदस्यों ने बताया कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर इस प्रकार का आयोजन कर समाज सेवा और मानवता का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजकों ने सभी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुनीत कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

### सड़क दुर्घटना में...

बजें तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए 43 वर्षीय रोहित कुमार भुआर्य को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। गंभीर चोट आने से उसका मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नवरात्रि पर माँ...

के चलते प्रतिदिन श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। सुबह से ही मंदिर में पूजा-अर्चना, ज्योति प्रज्ज्वलन और माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। वहीं शाम के समय दीपों की जगमगाहट मंदिर की सुंदरता को और बढ़ा देती है, जिसे देखने दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आगामी कार्यक्रम 23 मार्च सोमवार देवी श्रृंगार एवं पंचमी पूजन, 26 मार्च गुरुवार अष्टमी पूजन एवं हवन, 27 मार्च शुक्रवार पूर्णाहुति एवं विसर्जन। मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश के लिए श्रद्धालुओं द्वारा तेल अर्पण कर माता की पूजा की जा रही है, जिससे पूरे नवरात्रि में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित रहती है।

## खबर संक्षेप

### डिप्टी कलेक्टर को अधिकारियों ने दी विदाई

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में अपनी सेवाएं दे रहे डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल के बिलासपुर जिला स्थानांतरण पर जिला प्रशासन द्वारा एक गरिमामय एवं भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने संयुक्त रूप से उन्हें आत्मीय विदाई दी। कार्यक्रम में कलेक्टर संबित मिश्रा ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया। उनके कार्यों ने जिले में प्रशासनिक दक्षता और जनसेवा को नई दिशा दी है। विदाई समारोह में अपने संबोधन में नारायण प्रसाद गवेल ने बीजापुर में बिताए गए समय को अपने जीवन के स्वर्णिम पल बताते हुए सभी वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की सीईओ नम्रता चौबे, इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक संदीप बलगा, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना तथा संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### वार्ड स्तर पर बढ़ा उत्साह, मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी

# रामनवमी को भव्य बनाने हर वार्ड में बैठक विहिप-बजरंग दल का जनसंपर्क तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



राम नवमी के पावन पर्व को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा नगर के प्रत्येक वार्ड में बैठकों का आयोजन कर जनसंपर्क अभियान तेज किया गया है। पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लगातार घर-घर पहुंचकर लोगों को राम जन्मोत्सव में सहभागी बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

- चुनरी यात्रा और बाइक रैली को लेकर विशेष तैयारी

इसी क्रम में गुंडाधुर वार्ड में आयोजित बैठक में विशेष रूप से मातृशक्ति की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। वार्डवासियों ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने राम नवमी के विभिन्न आयोजनों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान किया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि धर्म रक्षा और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण हेतु समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। इस वर्ष काशी से आने वाली चुनरी यात्रा को विशेष आकर्षण बताया गया, वहीं 25 मार्च को आयोजित होने वाली बाइक रैली को लेकर युवाओं में उत्साह का माहौल है।

बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं और वार्डवासियों ने संकल्प लिया कि राम नवमी के आयोजन को ऐतिहासिक बनाया जाएगा और शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई जाएगी।

अंत में उपस्थित प्रमुखजनों में विष्णु ठाकुर (जिला संयोजक), विक्रम सिंह ठाकुर (नगर मंत्री), अजय प्रताप सिंह (नगर सह संयोजक), गीतेश सिंघाड़े, सूरज पटनायक, रोहन सेठिया,अंसू नाग, ब्रह्मा सोनी,विनोद जोशी,रामन्ना सोनी, गायत्री बघेल (पार्षद), मालती बाई,विकास साहू,दिलीप सुंदरानी, राधा बघेल, रानी सहित बजरंगी कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

#### आयोजनों की रूपरेखा

राम नवमी को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा चरणबद्ध कार्यक्रम तय किए गए हैं, जिसके अंतर्गत वार्ड स्तर पर बैठकों के माध्यम से जनजागरण किया जा रहा है, 23 मार्च को काशी से आई चुनरी के साथ भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी जिसमें विशेष रूप से मातृशक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है, वहीं 25 मार्च को नगर में विशाल बाइक रैली आयोजित कर युवाओं को जोड़ते हुए सनातन एकता का प्रदर्शन किया जाएगा, इसके साथ ही राम नवमी के दिन भव्य शोभायात्रा निकालकर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को ऐतिहासिक रूप देने की तैयारी की जा रही है।

## उत्कल समाज की महिलाओं ने खेल प्रतियोगिता में दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आगामी 1 अप्रैल को उत्कल दिवस के पूर्व समाज की महिलाओं ने विभिन्न खेलों का आयोजन समाज भवन में किया जिसमें बड़ी संख्या में भाग लिए। महिला विंग अध्यक्षा शुभ्रा दास, सचिव निरूपमा ने

- उत्कल दिवस के पहले हो रहे विभिन्न कार्यक्रम

बताया कि आज खेलों में कुर्सी दौड़, रिंग दौड़, बेलून गेम एवं अन्य गेम आयोजित किए गए। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में परस्पर मेल मिलाप के साथ ही नव विवाहित समाज की महिलाओं को एक दूसरे को परस्पर जानने समझने का अवसर मिलता है। ऐसे कार्यक्रमों से महिलाएं अपने प्रतिभा को समाज के सामने प्रस्तुत कर सकती है। समाज अध्यक्ष राजेश दास एवं सचिव सुमित महापात्र ने बताया कि 1 अप्रैल 1936 को उत्कल राज्य की स्थापना की गई थी। जिसके उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष इसी दिन उत्कल दिवस मनाया जाता है। जिसमें भारत के समस्त प्रांतो में जहां भी उत्कल वासी निवासरत है, राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करते है। आज महिलाओं के खेल के पश्चात सुंदर कांड एवं 31 मार्च को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसकी बागडोर समाज की युवा विंग को दी गई है। साथ ही एक अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एवं समाज के वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान एवं प्रतियोगिता में विजेता महिलाओं को पुरुस्कार वितरित किये जायेंगे।

## एकजुटता से पार्टी के लिए समर्पित होकर करें कार्य : रमशिला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर प्रवास पर आयी भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रमशिला नाग ने शनिवार को

- महिला मोर्चा की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष का आह्वान

जिला कार्यालय में बैठक ली। बैठक में नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर सहित नवीन कार्यकारिणी उपस्थित रहीं।

उन्होंने महिला मोर्चा को सुचारू रूप से चलाने, एकजुट होकर पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करने की सलाह दी। साथ ही दंतेवाड़ा जिले में आगामी 27 मार्च को महिला मोर्चा द्वारा कन्या पूजन निर्धारित कार्यक्रम के विषय में चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य ममता सिंह राणा, ललिता बघेल, राम कुमारी यादव, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, गोदावरी साहू, गीता नाग, दीपाली नाग, कुसुम परिहार, बिजली वैद्य, मीना विश्वकर्मा, डाकेश्वरी पांडे, शोभा रानी, संगीता तोमर, अलका सिंह, अनीता पटेल, विभा सिंग, पूनम सिन्हा, सुष्मिता सहित अन्य उपस्थित रहीं।

## पेद्दाकोरमा के सिविक एक्शन प्रोग्राम में ग्रामीणों को मिला जरूरी सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ शालिन के मार्गदर्शन, बी. एम. नेगी, डीआईजी ऑप्स के पर्यवेक्षण, विजेन्द्र सिंह कमांडेंट 222 बटालियन के नेतृत्व, मूल चंद द्वितीय कमान अधिकारी, अनंथा कृष्णा जे एसएमओ तथा जवानों की उपस्थिति में पेद्दाकोरमा में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जो दूरस्थ आंतरिक क्षेत्रों में निवासरत स्थानीय जनता के कल्याण एवं विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बी. एस. नेगी मुख्य अतिथि ने स्थानीय ग्रामीणों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर जरूरतमंदों को आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया। जिसमे बल एवं स्थानीय समुदाय के बीच संबंध सुदृढ़ हुए। कार्यक्रम में 16 आंतरिक बस्तियों के गरीब एवं जरूरतमंद ग्रामीण, जिनमें वृद्ध पुरुष, महिलाएं एवं स्कूली बच्चे शामिल थे, लाभान्वित हुए। इनमें पेद्दाकोरमा का नयापारा, सरपंचपारा, मिंद्रीपारा, बंजारिपारा, काकेकोरमा, पटेलपारा, हीरोलीपारा, पंचायत मानकेली के इमुलनार, बोदला पुमनार, कोकरा, नदीपारा, पटेलपारा, मुंगा क्षेत्र के पटेलपारा, सरपंचपारा, नयापारा, तालावपारा के लोग आए। इस कार्यक्रम में लगभग 750 ग्रामीणों की भागीदारी रही। ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया। लोगों को जल टैंक, सोलर लाइट एवं लालटेन, बर्तन एवं रसोई सामग्री, वस्त्र, चप्पल, कंबल, कृषि उपकरण, स्कूल बैग, कॉपियां एवं पेंसिल बॉक्स, युवाओं को खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करने हेतु फुटबॉल वॉलीबॉल एवं क्रिकेट किट जैसे खेल सामग्री भी वितरित की गई। उनमें टीम भावना, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा का विकास हो सके।

#### ग्रामीणों का हुआ मुफ्त इलाज

कार्यक्रम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। डॉ. अनंथा एसएमओ द्वारा ग्रामीणों के लिए ओपीडी संचालित की गई जिसमें आवश्यक चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। उन्हें निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इससे दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत लोगों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित की गई। इस कार्यक्रम को स्थानीय जनता से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया एवं सराहना प्राप्त हुई लाभार्थियों ने बाल के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके निरंतर प्रयासों के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित लगभग 750 ग्रामीणों के लिए सामुदायिक भोजन का भी आयोजन किया गया।

## निरक्षर को साक्षर बनाकर परीक्षा में कराया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



शासन द्वारा संचालित उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को विकासखंड बकावंड में संपूर्ण साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने चिन्हित ग्रामों में साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया।

- माताएं दुधमुंहे बच्चों के साथ परीक्षा देने पहुंची

इस अवसर पर ग्रामों के चिन्हित निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाकर परीक्षा में सम्मिलित कराया गया। परीक्षा में गांव के बुजुर्गों के साथ माताएं एवं बहनों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कई परीक्षा केंद्रों में माताएं अपने छोटे बच्चों के साथ परीक्षा देने पहुंचीं जो शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता और उत्साह का प्रतीक है। विकासखंड बकावंड अंतर्गत कुल 3852 परीक्षार्थी इस साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं निरीक्षण हेतु जनपद अध्यक्ष सोनवारी भद्रे जनपद उपाध्यक्ष तरुण पांडे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सोन सिंह बघेल, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी देशनाथ पांडे तथा संकुल शैक्षिक समन्वयक पवन समरथ, तुलेश पांडे एवं अनत देवांगन द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। करितगांव केंद्र में माताएं अपने दुधमुंहे बच्चों के साथ परीक्षा देने पहुंची जो की इस कार्यक्रम के महत्व एवं सफलता की अपने आप में एक मिसाल है। उल्लास कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र में साक्षरता के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है तथा लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है। यह पहल संपूर्ण साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रही है।

## नितिन से महेश ने की मुलाकात, संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा



**भोपालपटनम।** बीजापुर जिले के भाजपा नेता तथा पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भेंट की। इस दौरान पार्टी की आगामी रणनीति, संगठन के सुदृढ़ीकरण और जमीनी स्तर पर कार्यकतार्ओं को और अधिक सक्रिय करने जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महेश गागड़ा के कार्यों की सराहना करते कहा कि छत्तीसगढ़ के विशेषकर बीजापुर क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महेश गागड़ा ने क्षेत्र के विकास, बुनियादी सुविधाओं और जनता से जुड़े मुद्दों को रखा।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय कोंटा की अधीक्षिका निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा




सुकमा जिले के कोंटा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पदस्थ अधीक्षिका माहेश्वरी निषाद के विरुद्ध कर्तव्यों में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर अमित कुमार ने सख्त कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 मार्च को विद्यालय में निवासरत कक्षा 10वीं की छात्रा के स्वास्थ्य संबंधी सूचना प्राप्त होने पर तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया। जांच दल ने 20 मार्च को प्रस्तुत प्रतिवेदन में अधीक्षिका द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही की पुष्टि की है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार संस्था के सुचारू संचालन में कमी पाई गई और छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर लापरवाही बरती गई। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत पाए जाने पर कलेक्टर ने माहेश्वरी निषाद मूल पद प्रधान पाठक प्राथमिक शाला ओडडीनगुड़ा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोंटा नियत किया गया है। वहीं आगामी आदेश तक विद्यालय के संचालन का प्रभार सहायक अधीक्षिका को सौंपा गया है।

## बिजनेस साइट

### टीवीएस के अधिकृत डीलर स्पाक टीवीएस का शुभारंभ आज




**जगदलपुर।** टीवीएस मोटर कंपनी के बस्तर के अधिकृत मुख्य डीलर स्पाक टीवीएस के शोरूम का शुभारंभ सोमवार को आकाशवाणी रोड नयापारा में होने जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप व विशिष्ट अतिथियों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, टीवीएस कंपनी के एरिया मैनेजर अशोक महतो उपस्थित रहेंगे। संचालक संजीव कपूर ने बताया कि 23 मार्च की दोपहर 12 बजे से शो रूम में ग्राहकों को उनकी पसंदीदा टीवीएस की बाइक, स्कूटर, मोपेड एवं इलेक्ट्रिक स्कूटर मिलनी शुरू हो जाएगी। शुभारंभ त्योहार 24 व 25 मार्च तक जारी रहेगा। ग्राहकों को शोरूम में ही टीवीएस के ओरिजनल पार्ट्स एवं सर्विस की सुविधा मिलेगी।

#### ग्राहकों के लिए ऑफर ही ऑफर

स्पाक टीवीएस ने जगदलपुर के ग्राहकों के लिए शुभारंभ से पूर्व ही ऑफर का पिटारा खोल दिया है। प्री बुकिंग ऑफर के तहत वाहनों की बुकिंग कराने पर ग्राहकों को एक से तीन हजार तक का डिस्काउंट, एक हजार रुपए तक का फ्यूल वाउचर, हर खरीदी पर निश्चित इनाम के साथ मेगा लक्की ड्रॉ में शामिल होने का ऑफर भी दिया जा रहा है। जिसमें वाहन क्रेता मेगा लक्की ड्रॉ के माध्यम से प्रथम पुरस्कार एयर कंडीशनर, द्वितीय पुरस्कार एलईडी टीवी या तृतीय पुरस्कार रेफ्रिजरेटर जीत सकते है। योजना का ड्रॉ 31 मार्च को निकाला जाएगा।

## किराए में सुधार कर कमेटी की आय को मजबूत किया : जहीरूद्दीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर सह एडहाक कमेटी अध्यक्ष जनाब हाजी डॉ शेख जहीरूद्दीन ने कहा कि पिछले समय में हमने जो काम किए हैं वो सिर्फ कागजों तक सीमित

- अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर ने ब्यौरा देकर कार्यों को गिनाया

नहीं हैं बल्कि जमीनी हकीकत में बदलाव लाने वाले कदम हैं।

मुस्लिम भाईयों के सहयोग से कमेटी की आर्थिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाया और बैंक खाता खोला गया। क्यु आर कोड के जरिए सिस्टम को आधुनिक और आसान बनाया। कमेटी ने हर संपत्ति का रिकॉर्ड सरकारी पोर्टल पर डालकर ये साबित किया कि हम छुपाने नहीं, दिखाने और जवाब देने में यकीन रखते हैं। हमने विकास की दिशा में कदम बढ़ाते हुए संगम दरगाह रोड के लिए राज्य सरकार से 86 लाख रुपये की स्वीकृति दिलाई ये सिर्फ सड़क नहीं, बल्कि तरक्की का रास्ता है। उन्होंने बताया कि सालों से जो संपत्तियां कब्जे में थीं, उन्हें प्रशासन के सहयोग से खाली कराया गया क्योंकि ये किसी एक की नहीं, पूरी जमात की अमानत है। अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने 6,53,317 रुपए वसूल किए और किराए में सुधार कर कमेटी की आय को मजबूत किया ताकि हर काम मजबूती से हो सके। कब्रिस्तान और जमीनों के सीमांकन की प्रक्रिया शुरू की ताकि आने वाले समय में कोई विवाद ना हो और जहां जरूरत पड़ी वहां हमने सख्त फैसले लिए। चाहे दुकानों को सील करना हो या गलत व्यवस्था को खत्म करना हो। ये फैसले आसान नहीं थे, दबाव भी आया, रुकावटें भी आईं लेकिन हमने हमेशा सच, हक और जमात के हित को सबसे ऊपर रखा। शहर की जागरूक जमात, मेहनती नौजवानों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम को उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि उनके सहयोग के बिना ये सब मुमकिन नहीं था।

## बीजापुर में 85 आत्मसमर्पित नक्सलियों ने दी साक्षरता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर के बीहड़ो में हिंसा कर उत्पात मचाने वाले नक्सली अब समर्पण करने के बाद बदूंक छोड़कर कलम थाम रहे है। आत्मसमर्पण करने वाले 85 माओवादियों ने उल्लास नव भारत

- कभी आंतक के लिए जाने जाते थे अब बंदूक छोड़ कलम थाम रहे पूर्व माओवादी
- पूर्व में 272 आत्मसमर्पित नक्सल कैडर्स बुनियादी साक्षरता प्रशिक्षण कर चुके है पूर्ण

साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता परीक्षा दी। शिक्षा से जुड़ते हुए नवीन शिक्षा नीति एनईपी 2020 के अनुरूप संचालित कार्यक्रम के माध्यम से औपचारिक शिक्षा से वंचित रहे माओवादियों को पढ़ना-लिखना सिखाकर साक्षर बनाया जा रहा है।

कभी जंगलों में बंदूक उठाने वाले पूर्व माओवादी अब शिक्षा की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। जिला पुलिस और प्रशासन के प्रयासों से 85 आत्मसमर्पित नक्सलियों ने बुनियादी साक्षरता परीक्षा देकर समाज की मुख्यधारा में लौटने की मजबूत पहल की है। कार्यक्रम का उद्देश्य आत्मसमर्पित माओवादियों को पढ़ना-लिखना सिखाना है जो कभी औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए थे।

पुलिस और प्रशासन के मुताबिक इससे पहले 272 आत्मसमर्पित नक्सल कैडर्स बुनियादी साक्षरता प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं और अब सामान्य नागरिक की तरह जीवन जी रहे हैं। इसी कड़ी में 85 अन्य कैडर्स ने प्रशिक्षण पूरा करने के बाद साक्षरता परीक्षा में हिस्सा लिया।

छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत इन सभी को शिक्षा के साथ-साथ रोजगारमूलक प्रशिक्षण, सरकारी योजनाओं का लाभ और पुनर्वास की सुविधाएं भी दी जा रही हैं। पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य भटके हुए युवाओं को हिंसा के रास्ते से हटाकर शिक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर ले जाना है।

बीजापुर पुलिस लगातार सक्रिय माओवादियों से अपील कर रही है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करें और शासन की पुनर्वास नीति का लाभ उठाकर शांतिपूर्ण और सम्मानजनक जीवन की शुरूआत करें।



## खबर संक्षेप

### शहीद की पुण्यतिथि पर परिजनों ने दी श्रद्धांजलि



**चारामा।** सुकमा जिले के ग्राम मिनपा में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच हुई मुडभेड़ में शहीद हुए अमर जवान शहीद हेमंत दास मानिकपुरी की छठवीं पुण्यतिथि के पर परिजनों के द्वारा नगर में पुलिस थाना के सामने स्थापित प्रतिमा के समक्ष पूजा कर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम पर शहीद के पिता सूखदास मानिकपुरी, थाना प्रभारी सुरेश राठौर एवं उनके मित्र जनों के द्वारा उपस्थित होकर उनके प्रतिमा पर माला अर्पण किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि के बाद सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा उनके सौर्य को याद किया गया और अपने विचार रखे गए। संबोधन के बाद शहीद हेमंत दास मानिकपुरी की याद में परिवार जनों की ओर से प्रसाद के रूप में पूरी और हलवा का वितरण करवाया गया तथा शाम उनके प्रतिमा स्थल पर केंडल जलाकर सभी के द्वारा उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मामला दर्ज

**कांकेर।** ग्राम एड़गुड़ निवासी 35 वर्षीय बिरेन्द्र कुमार की सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 13 जुलाई की है जब बिरेन्द्र अपनी बाइक से घर लौट रहे थे, तभी ग्राम खुटगांव के पास आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 7705 के चालक ने लापरवाही से पीछे से टक्कर मार दी थी। गंभीर चोट आने के कारण उन्हें रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ 17 जुलाई को घायल ने दम तोड़ दिया। मर्ग जांच के बाद थाना दुर्गूकोंदल में अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह कल से

**चारामा।** श्री श्री हनुमान मंदिर समिति बांग्लापारा चारामा के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीमद् संगीत में महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 24 मार्च से 2 अप्रैल तक किया जा रहा है, जिसमें प्रवचनकर्ता भागवत आचार्य पंडित दाऊ लाल तिवारी महाराज गिरहोला वाले के मुखाग्रह से महापुराण कथा का व्याख्यान किया जाएगा। इस भागवत महापुराण में 24 मार्च को देव आह्वान स्थापना विधि पूजन कलश यात्रा के बाद प्रतिदिन विभिन्न कथाएं आयोजित होगी, 27 मार्च रामनवमी के शुभ अवसर पर हवन पूजन किया जाएगा, 1 अप्रैल को रात्रिकालीन रामायण कार्यक्रम एकता बालिका मानस परिवार की प्रस्तुति होगी एवं 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर हवन पूजन एवं प्रसादी वितरण महाभंडारा का आयोजन समिति की ओर से किया जाएगा। प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक किया जाएगा।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** थाना भानुप्रतापपुर अंतर्गत साल्हे निवासी 22 वर्षीय सुरेंद्र फरडीया पिता कन्हैया ने फांसी लगा लिया, जिससे उसका मौत हो गया। बालोद जिला के थाना राजहरा से बिना नंबरी मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना में पेश कर बताया कि मृतक का 5 मार्च को फांसी लगाने से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# हौसलों की उड़ानः पैरों की उंगलियों से लिखी आत्मनिर्भरता की कहानी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही**


इरादे जब बुलंद हों, तो सीमाएं भी रास्ता नहीं रोक पातीं, मावलीपारा निवासी 21 वर्षीय दिव्यांग युवक कृष्णा कुमार नेताम ने इसी जज्बे को हकीकत में बदलकर दिखाया है। जन्म से दोनों हाथों से असमर्थ होने के बावजूद कृष्णा ने हार मानने के बजाय अपने पैरों की उंगलियों को ही अपनी ताकत बना लिया और आज आत्मनिर्भरता की एक प्रेरक मिसाल बन गए हैं। औपचारिक शिक्षा से दूर रहने के बावजूद कृष्णा ने आधुनिक तकनीक को अपना गुरु बना लिया। एक स्मार्टफोन और इंटरनेट की मदद से उसने खुद ही अक्षरों की पहचान करना सीखा। यूट्यूब के जरिए उसने अंग्रेजी लिखना और समझना शुरू किया और आज वह पैरों की उंगलियों से मोबाइल पर इतनी तेजी से टाइप करता है कि देखने वाले हैरान रह जाते हैं। उसकी यह लगन बताती है कि सीखने की कोई उम्र या बाधा नहीं होती। उनकी उपलब्धियां केवल भाषा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उसने डिजिटल दुनिया में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। बिना किसी सहायता के उसने अपना ऑनलाइन बैंक खाता खोला, आधार कार्ड अपडेट किया और अपने साथ ही अपने पिता का आयुष्मान कार्ड भी तैयार किया। इसके अलावा वह बिजली बिल जमा करना, मोबाइल रिचार्ज करना और ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर जैसे काम भी खुद ही करता है। कृष्णा की कहानी अब आसपास के इलाकों में चर्चा का विषय बन चुकी है। स्थानीय निवासी किशोर कुमार साहू के अनुसार, यह उदाहरण बताता है कि संसाधनों से ज्यादा जरूरी मजबूत इरादे होते हैं। लोग अब उससे मिलने और उसकी प्रेरणादायक कहानी सुनने मावलीपारा पहुंच रहे हैं।

**कृष्णा की मोबाइल प्लेइंग क्षमता आपको हैरतअंगेज करेगा**

**आर्थिक स्थिति के चलते आ रही दिक्कत**

कृष्णा के सपनों के आड़े आर्थिक स्थिति आ रही है। उनके पिता कंवल नेताम का कहना है कि वे बेटे के लिए एक चॉइस सेंटर खोलना चाहते हैं, ताकि वह अपने कौशल के जरिए रोजगार हासिल कर सके, लेकिन इसके लिए आर्थिक मदद की जरूरत है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हो पाने के कारण उनका कौशल नहीं निखर पा रहा है।





**समाज के लिए सशक्त संदेश**

ग्राम पंचायत मावलीपारा के सरपंच सियाराम कोसमा ने कृष्णा की सराहना करते हुए कहा कि वह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि शारीरिक कमी के बावजूद जिस तरह कृष्णा ने आत्मनिर्भरता हासिल की है, वह समाज के लिए एक सशक्त संदेश है कि असली ताकत शरीर में नहीं, बल्कि इच्छाशक्ति में होती है।

**सियासत : हाराडुला प्रशिक्षण में संगठन को मजबूत बनने पर जोर**

# प्रशिक्षण महाभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया जनसेवा व राष्ट्र निर्माण का संकल्प

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के द्वितीय दिवस पर हाराडुला में भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। समापन सत्र में कार्यकर्ताओं ने जनसेवा, संगठन मजबूती और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया, जिससे कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यशैली और जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन समझ मिली।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल हाराडुला में 21 व 22 मार्च तक दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस के अष्टम एवं अंतिम सत्र में सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं और उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका विषय पर विधायक आशाराम नेताम ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, भूमिहीन मजदूर किसान योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। साथ ही महिलाओं को रजिस्ट्री शुल्क में 50 प्रतिशत छूट, नक्सलवाद उन्मूलन और मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला। उन्होने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक व्यवहार, कार्यशैली, संस्कार, आचरण और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि एक सशक्त संगठन ही राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। मंडल प्रभारी एवं भाजपा जिला मंत्री संजय सिन्हा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और संगठन की मजबूती ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को अनुशासन और सिद्धांतों से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। मंडल अध्यक्ष हेम मंडावी एवं प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी रघुनंदन साहू ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।



**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री महंत टांडिया ने किया, वहीं वर्ग नियंत्रक परमानंद साहू ने भाजपा ध्वज अवरोहण के साथ प्रशिक्षण वर्ग के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, जनपद अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, दीपंकर सिन्हा, मनोज जैन, रामकुमार रायस्त, सुशीला तारम, सुशील निषाद, ईश्वरी निषाद, रूखमणी उइके, रेणुका सिन्हा ,संतोषी सिन्हा, गिरी किशोर साहू, महावीर सिन्हा, राजेन्द्र जैन, मन्नू पटेल, दुष्यंत साहू, धरम सिंह निषाद, टीकम साहू, असवन सिन्हा, राम नारायण नेताम, उर्वशी जैन, हजारी प्रसाद सिन्हा, डेमेश्वर सिन्हा, छेदु राम निर्मलकर, भुनेश्वर पटेल, सुरेंद्र कुंअर निषाद, देवसिंह मंडावी, मनोज दिवान, विजय सोनवानी, केशव साहू, महेंद्र गावड़े,नकछेड़ा निषाद, वीरेंद्र सेन, कामेश्वर निषाद, अनिता नागराज सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# महतारी एक्सप्रेस की सेवा ठप, कम वेतन के चलते चालकों ने छोड़ी नौकरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर**

क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की रीढ़ मानी जाने वाली 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा इन दिनों खुद बीमार नजर आ रही है। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में शुमार यह एम्बुलेंस सेवा ड्राइवरों की कमी और अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गई है, जिससे आम जनता, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



पूर्व ड्राइवर संजय मंडल ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि उन्होंने करीब 5 महीने पहले काम छोड़ दिया है। मंडल के अनुसार, पहले वेतन संतोषजनक था, लेकिन अब इसे घटाकर मात्र 8000 रुपए कर दिया गया है। इतनी कम राशि में 12 घंटे की कड़ी ड्यूटी करना मुमकिन नहीं है। यही कारण है कि पुराने और अनुभवी ड्राइवर अब इस काम से दूरी बना रहे हैं। वर्तमान में जो भी ड्राइवर कार्यरत हैं, वे केवल सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक ही अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। रात 8 बजे के बाद 102 एम्बुलेंस का संचालन पूरी तरह बंद हो जाता है। अगर किसी गर्भवती महिला या मरीज को आधी रात के समय आपातकालीन सहायता की जरूरत पड़े, तो वह कहाँ जाए, क्या सरकारी योजनाओं का लाभ केवल दिन के उजाले तक ही सीमित है। क्षेत्र की जनता अब शासन-प्रशासन से सवाल पूछ रही है कि आखिर ऐसी व्यवस्था के साथ महतारी एक्सप्रेस का उद्देश्य कैसे पूरा होगा। ड्राइवरों के कम वेतन और 12 घंटे की ड्यूटी के बीच पिसती स्वास्थ्य सेवाओं ने सरकारी दावों की पोल खोल दी है। यदि समय रहते वेतन विसंगति और ड्राइवरों की कमी को दूर नहीं किया गया, तो आने वाले समय में स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

# सूखी मछली पर विवाद, पड़ोसन को पति-पत्नी ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

दुर्गूकोंदल थाना क्षेत्र में एक मामूली बात ने बड़ा विवाद का रूप ले लिया। सुखी मछली को बिल्ली द्वारा खा जाने की घटना को लेकर पड़ोसियों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला मारपीट और जान से मारने की धमकी तक जा पहुंचा। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना दुर्गूकोंदल में शिकायत दर्ज कराने पहुंची घोटिया आवासपारा निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि वह खेती-किसानी का काम करती है। 20 मार्च की शाम करीब 6 बजे वह अपने घर के बाड़ी के पास थी। इसी दौरान पड़ोसी आनंद जैन और उसकी पत्नी भुनेश्वरी जैन ने उनकी सुखी मछली को बाहर की बिल्ली द्वारा खा जाने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि आनंद जैन ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और गुस्से में लकड़ी के डंडे से फेंककर हमला किया, जिससे महिला के दाहिने कंधे और पीठ में चोट आई। वहीं उसकी पत्नी भुनेश्वरी जैन ने भी मिट्टी का ढेला फेंककर मारा, जिससे महिला के बाएं हाथ और कलाई में चोट लगने से दर्द हो रहा है। घटना के दौरान महिला के पति पतिराम जैन और बेटा देवराज जैन ने बीच-बचाव किया, जिससे स्थिति और बिगड़ने से बच गई। पीड़िता ने आशंका जताई कि यदि समय पर हस्तक्षेप नहीं होता तो आरोपी और गंभीर हमला कर सकते थे।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी आनंद जैन और भुनेश्वरी जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 296, 3 (5) और 351 (3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जिपं सीईओ ने ब्लाक का किया दौरा स्व सहायता समूह की सराहना



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा**

विकासखंड चारामा के तेलगरा में नारी शक्ति महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित मसाला यूनिट इकाई का जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने निरीक्षण करते हुए स्व सहायता समूह के दीदियों के कार्यों का सराहना करते हुए कहा कि आजीविका को सशक्त बनाने के लिए बड़े व्यापारियों व दुकानदारों से संपर्क करके उत्पादन को बढ़ाने अपील किया। जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही रमूला से चर्चा कर किस्त प्राप्त की जानकारी लिया। ग्राम के ही किसान ललतु जूरी द्वारा स्वयं के भूमि में मनरेगा से निर्मित तालाब का अवलोकन किया हितग्राही ने बताया तालाब में मछली पालन कर रहे है और साथ ही सूअर पालन व मुर्गी पालन भी कर रहे हैं। तालाब निर्माण से उसके आजीविका में वृद्धि हुई है। परिवार की महिलाएं समूह से जुड़े है समय समय समूह से लोन लेकर आजीविका गतिविधियों को बढ़ा रहे है। ग्राम चिनौरी में मनरेगा से उमन पिता मेहतर के आजीविका डबरी निर्माण कार्य का अवलोकन किया। हितग्राही को आजीविका बढ़ाने सब्जी व मिर्च, धनिया, हल्दी उत्पादन करने सलाह दिया गया तथा मजदुरो को वी बी जी राम जी योजना के बारे में भी जानकारी दिए। जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मावा मोदल कार्यक्रम के तहत विकासखण्ड चारामा में मावा मोदल के लिए चयनित भवन के मरम्मत कार्य का अवलोकन कर 1 अप्रैल से संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जैसकर्रा में निर्मित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र में विद्युत व्यवस्था कर तत्काल प्रारंभ करने कहा गया।

# भावेश सलाम ने जीती हाफ मैराथन



**चारामा।** बस्तर हेरिटेज मैराथन में केबीकेएस गोटुल स्पोर्ट्स एकेडमी कानापोड़ के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जगदलपुर से चित्रकोट तक आयोजित इस दौड़ में अकादमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न श्रेणियों में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किए। भावेश सलाम 21 किमी हाफ मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त किया और एक लाख पुरस्कार राशि अपने नाम किया। धनवंती 5 किमी दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर 5 हजार रूपएं जीते। पूजा सलाम 42 किमी फुल मैराथन में सातवाँ स्थान प्राप्त कर 5 हजार रूपएं और लिकेश्वरी तारम ने 21 किमी हाफ मैराथन में दसवाँ स्थान हासिल कर 2 हजार रूपएं जीते।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# 10 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत भानुप्रतापपुर पुलिस ने ग्राम पिच्चेकट्टा में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब जब्त की है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम पिच्चेकट्टा में एक व्यक्ति अपने घर की बाड़ी में अवैध शराब रखकर ग्राहक तलाश रहा है। पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए पिचेकट्टा निवासी 39 वर्षीय हरेश कुमार उईके को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1000 रुपएं बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज